तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 13.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

12 मंडियों में गेहूं खरीद को लेकर पुख्ता बंदोबस्त ...



12 प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं ..



## खबर संक्षेप

### कुवि के 11 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 11 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में हिंदी विभाग से पिंटू रावल, पंजाबी विभाग से वीरपाल कौर तथा गुरप्रीत कौर, कॉमर्स विभाग से सीमा व सीमा रानी, मैनेजमेंट से प्रिया तथा आस्था चौहान, होटल मैनेजमेंट से कीर्ति, विधि से परमजीत, अप्लाईड जियोफिजिक्स से सविता तथा फिजिक्स से संगीता शामिल है।

### प्लाट पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**यमुनानगर।** महिला ने एक व्यक्ति पर उसके प्लाट पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। खराड़ी निवासी रशमी जलोटा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका प्रोफेसर कॉलोनी में गाबा अस्पताल के नजदीक प्लाट है। उसे पता चला था कि धीरज कुमार शर्मा उसके प्लाट पर अवैध कब्जा करना चाहता है। उसने इस बारे आरोपी से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी धीरज कुमार शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर हड़पे 3.43 लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसविंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी कमलदीप कौर, मनदीप सिंह और भाई सर्वजीत सिंह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि रवि और बलविंद्र सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। शिकायत के अनुसार, 22 नवंबर 2025 को वे सभी यमुनानगर बस स्टैंड पर आरोपियों से मिले। आरोपियों ने उन्हें न्यूजीलैंड भेजने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में तीन लाख 43 हजार रुपये ले लिए। काफी समय बीतने के बाद जब उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया, तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मामले की जांच के बाद पुलिस ने रवि और बलविंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है और कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

**अंबाला।** भारतीय सेना में अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण 13 फरवरी 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक खोला गया था। अब पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। प्रदेश के छह जिलों अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थी 10 अप्रैल 2026 से पहले अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### कुख्यात अपराधी हथियार के साथ पकड़ा

**पानीपत।** पुलिस ने फारूख उर्फ काला निवासी कप्तान नगर, हाल निवासी कलंदर चौक) पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। फारूख ने राजीव कालोनी निवासी दोस्त रहीश से यह पिस्तौल और कारतूस 15 हजार रुपये में खरीदी थी। आरोपी ने यह भी बताया कि उसका दोस्त रहीश यूपी में पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ के बाद पकड़ा जा चुका है। वहीं, फारूख पर लूट, जानलेवा हमला और मारपीट के पांच केस दर्ज हैं।

---

## डीसी के औचक निरीक्षण में सामने आई अनियमितताएं

# एमवी क्लर्क समेत चार कर्मचारी सस्पेंड

**एसडीएम ऑफिस में रिकॉर्ड गड़बड़ी पर कार्रवाई**



**3 कंप्यूटर ऑपरेटर भी निलंबित**

- एसडीएम व डीएसपी समेत कई अधिकारी गैरहाजिर जारी किए कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने लघु सचिवालय अंबाला छावनी के एसडीएम कार्यालय के कुछ रिकार्ड में अनियमितताएं पाए जाने के मामले में मोटर व्हीकल रजिस्ट्रेशन क्लर्क के साथ तीन कंप्यूटर ऑपरेटर्स को सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि उपायुक्त ने 30 मार्च को लघु सचिवालय अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकतर कर्मचारी व अधिकारी अनुपस्थित पाए गए थे। निरीक्षण के दौरान यहां से कुछ रिकार्ड कब्जे में लिया गया था जिसकी जांच करवाने उपरांत उसमें अनियमितताएं पाई गई हैं। इसके बाद चार कर्मचारियों को सस्पेंड करने के निर्देश जारी किए हैं।

इनमें मोटर व्हीकल रजिस्ट्रेशन क्लर्क मधु मनोचा व कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार, लखविंद्र व ईशांत शामिल है। बता दें कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को सुबह 9.30 बजे लघु सचिवालय अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकतर अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए थे उन्हें नोटिस दिए थे। इसके साथ-साथ राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी व अन्य की अनपुस्थित पाए जाने पर उनकी सैलरी रोकने के भी निर्देश दिए गए थे। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान हर कमरे में जाकर वहां की व्यवस्थाएं भी देखी थी। औचक निरीक्षण की कार्रवाई के बाद एसडीएम के स्टेनो को सस्पेंड करते हुए उसे शो केस नोटिस भी जारी किया गया था। उपायुक्त ने यह भी बताया कि आगे भी औचक निरीक्षण की कार्रवाई जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि कार्यालय में आने वाले लोगों को अपने कार्यों को करवाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने यह भी कहा कि औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि कर्मचारियों व अधिकारियों की कार्यप्रणाली की वास्तविकता जांची जा सके। इसी क्रम में एसडीएम ऑफिस की चेकिंग की गई है जोकि आगे भी समय-समय पर जारी रहेगी। लोगों को अपने कार्यों को करवाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए इसके लिए विभागीय कर्मचारी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निवर्हन करें। जांच के दौरान एसडीएम व डीएसपी भी ऑफिस से गैरहाजिर मिले थे।

---

### रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख की ठगी

**अंबाला।** रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर संभालखा गांव के सचिन चौहान से 11 लाख की धोखाधड़ी की गई। बाद में तीन लाख रुपये लौटा दिए। साहा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कैथल के एक दंपती और उनके एक सहयोगी के खिलाफ धोखाधड़ी व जान से मारने की धमकी देने केस दर्ज किया है।

- पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा

सचिन चौहान ने बताया कि उनके ससुराल कैथल के अगोंद गांव में काम करने वाले मंगतराम ने उसे झांसा दिया था कि उसकी पुत्री जसमीन कौर और दामाद अजय कुमार को रेलवे में सरकारी नौकरी लगवा सकता है। भरोसे में आकर 11 लाख रुपये आरोपी जसमीन कौर के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने 3 लाख रुपये तो वापस कर दिए लेकिन बकाया 8 लाख रुपये हड़प लिए। बाकी पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी दी।

---

# कुरुक्षेत्र: करंट लगने से किसान की मौत

- ट्यूबवेल का स्टार्टर दबाते ही किसान को लगा करंट
- खेत में बेसुध मिला, अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित
- 43 वर्षीय किसान पीछे छोड़ गया पत्नी और दो जुड़वा बेटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस्माईलाबाद में करंट लगने से किसान की मौत हो गई। किसान अपने खेत में पानी देने के लिए गया था। यहां ट्यूबवेल का स्टार्टर दबाते ही उसे करंट लग गया। ट्यूबवेल के कोठे में बेसुध पड़ा था। परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान की पहचान 43 साल के गुरबाज सिंह निवासी ठसका मीरांजी के रूप में हुई। गुरबाज सिंह खेती करके अपने परिवार का पोषण कर रहे थे। गुरबाज अपनी पीछे पत्नी और 2 जुड़वा बेटे दिलप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह (18) को छोड़ गए। गुरबाज सिंह के नाम सिर्फ 2 एकड़ जमीन है। निशान सिंह निवासी ठसका मीरांजी ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा गुरबाज सिंह खेती-बाड़ी करता था। उसका भतीजा गुरबाज सिंह दोपहर को अपने खेत में ट्यूबवेल से गेहूं की फसल को पानी लगाने गया था। जैसे ही उसने स्टार्टर का बटन दबाया, स्टार्टर में अचानक करंट आ गया। करंट का झटका लगते ही गुरबाज कोठे की दीवार से टकराकर गिर पड़ा। उसने गुरबाज सिंह को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसलिए वह उसके खेत पहुंच गया, जहां गुरबाज सिंह ट्यूबवेल कोठे में बेहोश पड़ा है। उसने तुरंत गांव की सरपंच मीना कुमारी और बिरेंद्र सिंह को साथ लेकर प्राइवेट गाड़ी से गुरबाज सिंह को सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसके भतीजे गुरबाज सिंह की जांच करके उसे मृत घोषित कर दिया।

---

# अमेरिका में सड़क हादसे में करनाल के युवक की मौत

- एक साल पहले ही रोजगार के लिए गया था विदेश, अब शव को भारत लाने के लिए मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के घोघड़ीपुर गांव के एक 20 वर्षीय युवक की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए विदेश गया था, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। मृतक की पहचान आर्यन मान के रूप में हुई है, जो करीब एक साल पहले ही अमेरिका गया था। वहां उसे नौकरी भी मिल गई थी और उसने अपनी जरूरतों के लिए एक गाड़ी भी खरीद ली थी। परिवार को उम्मीद थी कि आर्यन विदेश में मेहनत कर घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर करेगा, लेकिन अचानक हुए हादसे ने सब कुछ बदल दिया। दो दिन पहले आर्यन कहीं जा रहा था, तभी उसका सड़क हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया। घटना के बाद से परिवार गहरे शोक में है। आर्यन मान अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और परिवार की उम्मीदों का सहारा भी था।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत, मां व बेटा घायल

**यमुनानगर।** रादौर रोड पर विश्वकर्मा फर्नीचर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 42 वर्षीय मोहम्मद हसन की मौत हो गई, जबकि उनकी मां और 13 वर्षीय बेटा गंभीर घायल हो गए। चांदपुर निवासी हसन अपनी मां और बेटे के साथ दुधला जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनकी बाइक आगे एक ऑटो से भी टकरा गई। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां हसन को रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- रादौर रोड स्थित विश्वकर्मा फर्नीचर के पास हुआ हादसा

---

## रादौर अनाज मंडी में गेहूं खरीद शुरू, किसानों को नहीं होगी दिक्कत

# पहले दिन मंडी में बिका 15 क्विंटल गेहूं

- गेहूं के उठाव के 24 से 48 घंटे तक किसान को उसकी फसल का भुगतान कर दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित अनाजमंडी में गेहूं की खरीद का शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ।

1 अप्रैल से प्रदेशभर की अनाजमंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। इस मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी बुधवार को रादौर अनाज मंडी का शुभारंभ किया। खरीद एजेंसी वेयरहाउस ने पहले दिन मंडी में गांव शेखपुरा के किसान ऋषिपाल की 15 क्विंटल गेहूं की खरीद की।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अनाजमंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जायेगी। अनाजमंडियों में किसानों के लिए बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, खाने की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। प्रदेश भर की मंडियों में सभी विधायक व मंत्री स्थिति का जायजा लेने पहुंचें हुए है। सरकार पूरी तरह से किसानो के साथ है। मंडी में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए हुए है। विभाग की ओर से गेहूं के उठाव के 24 से 48 घंटे तक किसान को उसकी फसल का भुगतान कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि वेयर हाउस की ओर से रादौर अनाजमंडी में सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को गेहूं की खरीद की जाएगी।

---

### पानीपतः नशा तस्कर को 10 साल की कैद

**पानीपत।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) की अदालत ने नानूराम पुत्र मांगराम निवासी राजस्थान हाल निवासी गांव सिवाह पानीपत को मादक पदार्थ अफीम की तस्करी के आरोप में दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास व एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर नारूराम को एक साल की कैद भोगनी होगी। स्मरणीय है कि आरोपी नानूराम को 9 मई सन 2023 को पानीपत पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने पकड़ा था और आरोपी पर थाना ओल्ड इंडसट्रियल, पानीपत में एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत केस दर्ज करवाया गया था।

---

## फरीदाबाद अग्निकांड में कार्रवाई न किए जाने से नाराज

# फायर कर्मचारी आठ व नौ अप्रैल को करेंगे राज्यव्यापी हड़ताल

**यमुनानगर।** फरीदाबाद अग्निकांड में मारे गए भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह के मामले में प्रदेश सरकार द्वारा कार्रवाई न किए जाने से नाराज हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने आठ व नौ अप्रैल को दो दिवसीय राज्य व्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है। बुधवार को यूनियन द्वारा पोस्टर अभियान चलाकर दमकल कर्मचारियों को हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। यूनियन के जिला प्रधान विजेंद्र सिंह व जिला सचिव रिंकू कुमार ने बताया कि भवीचंद शर्मा व रणवीर को शहीद का दर्जा देने, दोनों को एक-एक करोड़ रुपये आर्थिक राशि देने, परिवार के एक सदस्य को नियमित नौकरी देने व फायर कर्मियों की न्याय उचित मांगो के समाधान के लिए फायर यूनियन सरकार से मांग कर रही है। मगर सरकार द्वारा उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण दो दिवसीय राज्य स्तरीय हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य दमकल केंद्र यमुनानगर, जगाधरी, नगर निगम, जगाधरी बस स्टैंड पर हड़ताल की तैयारियों के लिए पोस्टर अभियान चलाया।



**यमुनानगर।** दमकल केंद्र पर दो दिवसीय हड़ताल को लेकर पोस्टर अभियान चलाते यूनियन के पदाधिकारी।

---

### कनाडा की पी आर दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी काबू

**करनाल।** कनाडा की स्थायी निवास दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर के अंतर्गत पुलिस चौकी सेक्टर-4 की टीम ने सौरव गिल पुत्र बलजीत सिंह निवासी सेक्टर-4, करनाल को काबू किया है। पीड़िता और उसका पति, जो फिलहाल कनाडा में वर्क परमिट पर रह रहे हैं, सितंबर 2024 में गौरव गिल के संपर्क में आए थे। आरोपी ने पीआर दिलाने का झांसा दिया और इसके बदले 40 हजार कनाडाई डॉलर की मांग की। पीड़िता ने अलग-अलग समय में करीब 24 लाख रुपये आरोपियों को दिए, जिनमें से 6.80 लाख रुपये सौरव गिल के बैंक खाते में चेक के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। बावजूद इसके नवंबर 2024 तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने इनकार कर दिया और धमकी भी दी।

### स्टोर से चोरी करते सिक्योरिटी गार्ड सीसीटीवी में कैद

**अंबाला।** अंबाला शहर के मानव चौक स्थित फ्लिपकार्ट मिनट्स स्टोर में सुरक्षा गार्ड ने ही स्टोर से सामान चुरा लिया। इसका खुलासा सीसीटीवी फुटेज व इंटरनल ऑडिट से हुआ। आरोपी गार्ड पिछले कई दिनों से लगातार स्टोर से कीमती मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर रहा था। अंबाला शहर पुलिस ने स्टोर मैनेजर आयुष कुमार की शिकायत पर योगेश्वर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। स्टोर मैनेजर आयुष कुमार ने बताया कि स्टोर से सामान कम होने पर जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो सुरक्षा एजेंसी स्टालवार्ट सिक्योरिटी की ओर से तैनात गार्ड यमुनानगर के ताहरपुर कलां गांव का योगेश्वर चोरी कर रहा था। अपनी ड्यूटी के दौरान बड़े ही शातिर तरीके से रोजाना एक-एक कर मोबाइल व अन्य सामान चुरा रहा था।

### नशा तस्कर 22.46 ग्राम हेरोइन और बाइक के साथ गिरफ्तार

**शहजादपुर।** नाकाबंदी कर सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने 22.46 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान गांव बेरपुरा के रविकांत उर्फ रवि के रुप में हुई है। आरोपी पर पहले भी मामला दर्ज हैं। सीआईए नारायणगढ़ के प्रभारी उप-निरीक्षक जरनैल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक पर नशे की खेप लेकर बेरपुरा रोड से गांव धनाना की ओर आ रहा है। जांच टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बेरपुरा रोड पर नाकाबंदी की। संदिग्ध बाइक सवार को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 22.46 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी पहले भी नशे के कारोबार में संलिप्त रहा है।

---

## देश-विदेश के इतिहासकार व शोधार्थी करेंगे ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा

# कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति से आमजन का जुड़ाव जरूरी: मुख्यमंत्री

***8 से 10 तक केयू में होगा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वैश्विक मंथन होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुरुक्षेत्र के इतिहास, संस्कृति, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर इतिहासकार, शिक्षाविद, शोधार्थी और प्रबुद्धजन चर्चा करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में 8 से 10 अप्रैल तक कुरुक्षेत्र के इतिहास और संस्कृति पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कुरुक्षेत्रः थ्रू द एजेस का उद्देश्य कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक यात्रा को पुरातन काल से लेकर वर्तमान समय तक समझना है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने सीएम आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निमंत्रण सौंपा और उन्हें सम्मेलन की महत्ता बारे अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पहचान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय इतिहास, दर्शन और ज्ञान परंपरा का केंद्र बिंदु है। उन्होंने विजन कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, श्रीमद्भगवत गीता अध्ययन केंद्र और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सौजन्य से आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की सराहना की। विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने बताया कि विश्व भर से शिक्षाविद् और शोधार्थी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जोकि कुरुक्षेत्र के इतिहास, संस्कृति, धार्मिक महत्व और पुरातात्विक पहलुओं पर मंथन करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र के प्रचार-प्रसार के नए आयाम खुलेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान को और मजबूती मिलेगी। 8 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शिरकत करेंगे और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा भी मौजूद रहेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का निमंत्रण देते विजन कुरुक्षेत्र अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा। फोटो : हरिभूमि

**पांच को मिलेगा कुवि इतिहास रत्न सम्मान**

विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुरुक्षेत्र के इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य तथा भारतीय विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने वालों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इतिहास रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनमें पद्मश्री प्रोफेसर राघुवेंद्र तंवर, प्रोफेसर दवेंद्र हांडा, प्रोफेसर ईश्वर शरण विश्वकर्मा, प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री, प्रोफेसर वसंत शिंदे शामिल हैं।

---

# लाखों की हेरोइन के साथ नशातस्कर गिरफ्तार

**आरोपी से 50 ग्राम हेरोइन बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर रेलवे अंडरपास के नजदीक से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एसआई सतीश ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि कलानौर अंडरपास के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान चिट्टा मंदिर रोड शांति कॉलोनी निवासी निहाल उर्फ छुटका के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब एक लाख रुपये है। उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## करनाल के नए एसडीएम ने संभाला कार्यभार

**करनाल।** करनाल के नवनियुक्त एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बुधवार को अपना पदभार संभाल लिया। वर्ष 2017 बैच के एचसीएस अधिकारी देवेंद्र शर्मा इससे पहले एचएसवीपी में एस्टेट ऑफिसर के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाएगा।




## तालाबों पर अवैध कब्जे तुरंत हटाने के निर्देश

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिला में तालाबों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जहां भी अवैध कब्जे हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अब तक 110 तालाबों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है और इन स्थानों पर करीब 1200 पौधे लगाए गए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हर तालाब के लिए अलग एक्शन प्लान तैयार किया जाए और सौंदर्यीकरण कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए।

## आज होगी कष्ट निवारण समिति की बैठक

**करनाल।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 2 अप्रैल को पंचायत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में 8 पुराने और 6 नए मामलों सहित कुल 14 मामलों पर सुनवाई होगी। इनमें पुलिस, बिजली, प्रदूषण, शिक्षा, नगर निगम और अन्य विभागों से जुड़े मामले शामिल हैं।

## मंडियों में खरीद शुरू व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं और सरसों की खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। उन्होंने बताया कि इस बार मंडी में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है और एग्जिट गेट पर कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही पारदर्शी नीलामी के लिए एक नया ऐप भी लॉन्च किया गया है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे पंजीकृत ट्रैक्टरों के माध्यम से ही फसल लेकर आएं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मंडियों में पेयजल, बैठने और अन्य सुविधाओं के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

## भोजनालय के शेड का किया उद्घाटन

**पिहोवा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए भोजनालय के शैड का निर्माण किया गया। सैनसंज पेपर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रदीप सैनी ने इसका उद्घाटन किया। प्रदीप सैनी ने कहा कि अप्रैल माह में सैनसंज पेपर इंडस्ट्री के संस्थापक स्व. साधु राम सैनी स्मृति में समाज सेवा के विभिन्न कार्य किया जा रहे हैं। उनकी दूसरी पुण्यतिथि को समर्पित 3 अप्रैल को मिल परिसर में सुबह 10 से चार बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मिल कर्मचारियों सहित सैंकड़ों रक्तदाता रक्तदान करेंगे।

### उपायुक्त ने किया अनाजमंडी का निरीक्षण

# तरावड़ी में फसल की सरकारी खरीद शुरू, प्रशासन सक्रिय

**मंडी पहुंचने पर प्रधान व अन्य सदस्यों ने किया स्वागत**



तरावड़ी। उपायुक्त के तरावड़ी मंडी पहुंचने पर स्वागत करते मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, शिवम बंसल, गौरव गर्ग । *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

हरियाणा प्रदेश में रबी फसल सीजन की शुरुआत हो चुकी है। सीजन के पहले ही दिन करनाल जिले में प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। करनाल के उपायुक्त (डीसी) ने विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में उपायुक्त तरावड़ी अनाज मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी परिसर, खरीद व्यवस्था, सफाई, पेयजल, शौचालय और किसानों के लिए बनाए गए इंतजामों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मंडी में उपायुक्त के आगमन पर अनाज मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल सहित मार्केट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी और वाइस चेयरमैन राजीव नारंग ने उनका स्वागत किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि फसल खरीद को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि किसानों को मंडी में प्रवेश के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है, जिससे भीड़ भाड़ से बचा जा सके। किसान गेट पर टोकन लेकर अपनी फसल मंडी में ला सकते हैं और बायोमेट्रिक प्रक्रिया बाद में भी पूरी की जा सकती है। इससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

### सुविधाएं सुनिश्चित

प्रशासन का कहना है कि मंडियों में सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं और फसल खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो।



इंद्री। इंद्री अनाज मंडी में किसान व आढ़तियों से बातचीत करते उपायुक्त उत्तम सिंह ।

## इंद्री मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**इंद्री।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने इंद्री अनाज मंडी का निरीक्षण कर रबी फसलों की खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने मंडी की साफ-सफाई, बारदाने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय की सुविधा सहित अन्य प्रबन्धों के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में मौजूद किसानों तथा आढ़तियों से बातचीत की। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस बार गेहूं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कुछ बदलाव किये गये हैं। इस बार गेहूं की खरीद बायोमेट्रिक आधार पर होगी। किसान स्वंय अथवा मनोनीत तीन नामित में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा सभी मंडी स्थानों की जिओ फेंसिंग की गई है, इससे गेट पास से लेकर लिफ्टिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां केवल मंडी परिसर के भीतर से की जा सकेंगी। किसान को गेहूं रजिस्टर्ड व्हीकल के माध्यम से ही मंडी में लाना होगा। मंडी के एंट्री गेट के साथ-साथ एग्जिट गेट पर भी सीसीटीवी की सुविधा होगी। उपायुक्त ने हैफड, मार्किट कमेटी, खाद्य आपूर्ति विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जैसे ही गेहूं की आवक शुरू होती है तो उसकी खरीद के साथ-साथ उठान भी शीघ्र होना चाहिए ताकि किसानों को गेहूं बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि फसल बेचने में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल रईया, एसडीएम इंद्री रमन गुप्ता, डीएफएससी मुकेश कुमार, मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र सिंह पंजोखरा, मंडी एसोसिएशन प्रधान सुमेर चंद कांबोज सहित खरीद एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे ।



इंद्री। मंडी मे सरसों की ढेरी का निरीक्षण करते विधायक रामकुमार **कश्यप** ।

# किसानों का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री अनाज मंडी का निरीक्षण कर गेहूं व सरसों की खरीद व उठान व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मंडी में आई सरसों के खरीद कार्य को भी देखा तथा मॉइस्चर मीटर के माध्यम से सरसों की नमी जांच का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान विधायक रामकुमार कश्यप ने मंडी में आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद एवं उठान में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदे गए सरसों व गेहूं का जल्द उठान करवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### 80 लाख का बजट उपलब्ध करवाया

इस दौरान विधायक ने कहा कि किसान भवन में सुविधाओं के विस्तार तथा मंडी में व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिये सरकार द्वारा 80 लाख रुपये का बजट उपलब्ध करवाया गया है। इस राशि से किसान भवन व मंडी की सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा तथा जल्द से यह कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई है तथा किसानों का एक-एक दाना एमएसपी पर सरकार द्वारा खरीदा जाएगा। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडी में लाए ताकि उनको अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत न आए।

# 250 श्रद्धालु तीर्थ यात्रा के लिए हुए रवाना

- समाजसेवी मदनलाल सचदेव कर रहे तीर्थ यात्रा का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी से आज करीब 250 श्रद्धालुओं का एक जत्था धार्मिक तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यह जत्था सबसे पहले अन्नपूर्णा आश्रम में पूजा-अर्चना करने के बाद तीन बसों के माध्यम से आगे के लिए निकला। श्रद्धालु निजामुद्दीन से ट्रेन द्वारा अपनी आगामी यात्रा शुरू करेंगे, जो चित्रकूट, वाराणसी (बनारस) और प्रयागधाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा लगभग एक सप्ताह की बताई जा रही है। इस तीर्थ यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी मदनलाल सचदेव द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गुरु जी के आशीर्वाद से यह यात्रा आयोजित की गई है, जिसमें श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। सभी यात्रियों के लिए रहने, खाने और लंगर प्रसाद की व्यवस्था निशुल्क रूप से उपलब्ध कराई गई है। आज सुबह जत्थे को बड़े उत्साह के साथ रवाना किया गया। श्रद्धालुओं ने गुलाबी पगड़ी पहनकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना किया।



तरावड़ी। ढोल की थाप पर नाचते व नगाड़ा बजाते हुए श्रद्धालु।

### हर्षोल्लास से विदा

विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि तरावड़ी शहर में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं। यहां के लोग समूह बनाकर तीर्थ यात्राएं करते हैं, जो शहर की सामाजिक और धार्मिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने इसे शहर की एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर शहर के करीब 250 से 270 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए, जिन्हें हर्षोल्लास के साथ विदा किया गया।

# जागो ग्राहक जागो पर रील मेकिंग प्रतियोगिता में अनमोल रहा प्रथम

- जानकारी का सही और प्रभावी प्रसार बहुत जरूरी हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में वाणिज्य विभाग द्वारा जागो ग्राहक जागो विषय पर एक रील मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के नेतृत्व में वाणिज्य विषय समिति प्रभारी प्रो डिंपल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में एक जागरूक उपभोक्ता बनना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हम किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या गलत व्यापारिक प्रथाओं से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। समिति प्रभारी प्रोफेसर डिंपल ने विद्यार्थियों को कहा कि आज के इस डिजिटल युग में जहां सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, वहां पर जानकारी का सही और प्रभावी प्रसार बहुत जरूरी हो गया है।



इंद्री। अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्रोफेसर ।

# चारों श्रम संहिताओं के खिलाफ जनसंघर्ष मंच ने किया प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** जनसंघर्ष मंच हरियाणा के आह्वान पर चारों श्रम संहिताओं तथा वीबी जीरामजी कानून के विरोध में कुरुक्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन नया बस अड्डा, कुरुक्षेत्र से काली पट्टी बांधकर शुरू हुआ और लघु सचिवालय, कुरुक्षेत्र पर पहुंचकर सभा के रूप में सम्पन्न हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व जन संघर्ष मंच हरियाणा के राज्य प्रधान कामरेड फूल सिंह, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रधान करनैल सिंह और मनरेगा मजदूर यूनियन के उप प्रधान राजेंद्र कुमार ने किया। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार और हरियाणा सरकार की श्रमिक-विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए जन संघर्ष मंच हरियाणा की वरिष्ठ नेत्री चंद्र रेखा ने नये लेबर कोड्स में महिला मजदूरों से रात्रि पाली में काम लिये जाने का कड़ा विरोध करते हुए बताया कि यह प्रावधान देश की मातृ शक्ति के स्वास्थ्य व सुरक्षा को गंभीर आघात पहुंचाने वाला है। इसके अलावा जन संघर्ष मंच हरियाणा की नेता ऊषा कुमारी, राजेन्द्र कुमार व जोगिंदर सिंह, पूजा, सुनहरा सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

# मां जगदंबा मंदिर मेले में उमड़े श्रद्धालु

- चौदस पर मां भगवती चौकी एवं भजन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नवरात्रों में मां जगदंबा मंदिर में चौदस पर आयोजित मां भगवती चौकी एवं भजन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर दिल्ली से पहुंचे भजन गायक रैम्पी साज ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमने और नाचने पर मजबूर हो गए। पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। बताया गया कि यह मेला पिछले कई वर्षों से निरंतर आयोजित होता आ रहा है और इस बार 62वां मेला आयोजित किया गया। हर वर्ष चौदस के दिन जगदंबा परिवार एवं भारत ग्रुप परिवार की ओर से इस भव्य मेले का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम के तहत रात्रि में माता की चौकी, अगले दिन भजन संध्या और इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शिव शक्ति ग्रुप एवं जगदंबा ग्रुप के सभी सदस्य मौजूद रहे। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल के सीएमडी रमेश गुप्ता, लाला नाथी राम गुप्ता, भारत सीरियल के नरेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, संजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, अमन गुप्ता सहित उनके परिवारजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए और माता के भजनों का आनंद लिया।



कार्यक्रम में भजन गायक रैम्पी साज अपनी प्रस्तुति देते हुए।



## मुख्यमंत्री विधानसभा के गांवों में विकास कार्यों के लिए दे रहे 21-21 लाख रुपये : सुमन सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा के गांवों में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए दे रहे हैं और इसके साथ ही गांव की तरफ से जिन विकास कार्यों की सूची सौंपी जा रही है, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उन कामों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें विधानसभा वासियों की समस्याओं को सुनने के लिए जिम्मेदारी सौंपी हुई है। उसी जिम्मेदारी को निभाते हुए वो लगातार हल्का वासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनती हैं। उपाध्यक्षा सुमन सैनी बुधवार को लाडवा विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी का मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह व परमजीत कश्यप ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विधानसभा के गांव ईशरगढ़, गांव अटल नगर, गांव शंकर कॉलोनी, पूर्विया डेरा सिरसमा, गांव मथाना, गांव छारपुरा, गांव मुकरपुर और गांव बोडला में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

### स्मार्ट करनाल का बड़ा विजन : शहर को मिलेगा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर

# एक साल में विकास की रफ्तार तेज, अब चार साल का रोडमैप तैयार

**237 विकास कार्यों पर 91.54 करोड़ खर्च, टैक्स वसूली में रिकॉर्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



नगर निगम करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए शहर के समग्र विकास की दिशा में किए गए कार्यों और आगामी योजनाओं का खाका सामने रखा। उन्होंने कहा कि करनाल को स्मार्ट, सुंदर, व्यवस्थित और सुविधाजनक शहर बनाने के लिए निगम ने बीते एक वर्ष में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और आने वाले चार वर्षों के लिए ठोस रणनीति तैयार की गई है।

महापौर ने बताया कि एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक नगर निगम ने शहर के सभी वार्डों में 237 विकास कार्य पूरे किए हैं। इन कार्यों में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम का सुदृढ़ीकरण, सड़कों का निर्माण व मरम्मत, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं पर कुल 91.54 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिससे शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक सुधार देखने को मिला है।

स्वच्छता के क्षेत्र में भी नगर निगम ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 989 नियमित सफाई कर्मचारियों और 300 अतिरिक्त कर्मचारियों सहित कुल 1289 कर्मचारियों की टीम ने 47.92 करोड़ रुपये के बजट के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया। इसके परिणामस्वरूप करनाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में तीन लाख तक की आबादी वाले शहरों में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया और ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा भी हासिल किया। निगम ने वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए प्रॉपर्टी टैक्स वसूली में भी नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2025-26 में 27 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 29.54 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

### अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण पर ध्यान

शहर को सुव्यवस्थित और कानूनी रूप से विकसित करने के लिए अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। वर्तमान कार्यकाल में 8 कॉलोनियों को अप्रूव किया गया है, जबकि 95 प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इससे हजारों परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है। स्वामित्व योजना के तहत 2066 परिवारों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलवाया गया है। इसके साथ ही 42 दुकानों की रजिस्ट्री कराकर छोटे व्यापारियों को भी कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है। महापौर ने बताया कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए डेयरी शिफ्टिंग प्रोजेक्ट पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। पिंगली डेयरी कॉम्पलेक्स में 133 प्लॉट आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 57 डेयरियों को स्थानांतरित किया जा चुका है और शेष को छह माह के भीतर स्थानांतरित करने का लक्ष्य है। इससे शहर में गंदगी और अव्यवस्था की समस्या में कमी आएगी।

### ग्रीन बेल्ट व पार्कों का विकास किया जाएगा

पर्यावरण संरक्षण और शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए ग्रीन बेल्ट, पार्कों और सेंट्रल वर्ज का व्यापक स्तर पर विकास किया जाएगा। महाराजा अग्रसेन चौक से गीता द्वार तक फूड हब स्थापित करने, मीरा सद्भावना चौक पर म्यूजिकल फाउंटेन लगाने और कर्ण ताल व कर्ण पार्क के सौंदर्यकरण की योजना भी शामिल है। सामाजिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के तहत सेक्टर-9 में आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण, अवैध मीट व मछली बाजार को एक स्थान पर स्थानांतरित कर आधुनिक मार्केट बनाना, डॉग शेल्टर का निर्माण और स्ट्रीट वेंडिंग जोन विकसित करने जैसे कार्य भी प्रस्तावित हैं। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में करनाल निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### घर पर धावा बोल कर भाइयों को घायल किया

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड निवासी सगे भाइयों गौरव व राहुल पर पुरानी रंजिश के चलते छह युवकों ने उनके ही घर पर धावा बोल कर उन्हें गंभीर रूप से कर दिया। इधर, घायलों के पिता सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने संजू, रिंकू, राजू व इनके तीन साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में अनिकेत नामक युवक, 14 वर्षीय किशोरी को उसके भाई व बहन की हत्या के भय दिखा कर उसके साथ पिछले कई महीनों से दुष्कर्म करता रहा। इधर, पीड़िता ने हिम्मत की और इस घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी अनिकेत पर पास्को एक्ट छह, बीएनएस की धारा 65(1), 351(3) आदि के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस मामले की जांच कर रही एएसआई संतोष बताया कि लडकी की मेडिकल जांच करवाई गई और उसके बयान दर्ज किए गए। जबकि आरोपी अनिकेत फरार है और पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

### पानीपत में फंदे पर लटका मिला शव

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-29 स्थित फ्लोरा चौक क्षेत्र के निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र ने फंदे पर लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वहीं धर्मेंद्र अपनी पत्नी के लापता होने और उसके बाद ससुराल पक्ष से मिल रही लगातार धमकियों के कारण मानसिक तनाव में था। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने धर्मेंद्र के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया और इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विद्या भारती मॉर्डन स्कूल में यज्ञ किया

**पानीपत।** विद्या भारती मॉर्डन स्कूल खादी आश्रम पानीपत में बुधवार को नव शिक्षा सत्र का यज्ञ कर शुभारंभ किया गया। वहीं यज्ञ के ब्रहमा संजय शास्त्री ने मंत्रोच्चारण व पूरे विधि विधान के साथ यज्ञ करवाया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों, डायरेक्टर निर्मल दत्त, मुख्याध्यापिका ती मीनाक्षी व शिक्षक उपस्थित रहे। इधर, निर्मल दत्त ने सभी विद्यार्थियों को निष्ठावान, परिश्रमी व अनुशासित बने रहने के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे।

### पुलिस टीम ने गोवंश हत्यारोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव पत्थरगढ़ के खेतों में बेसहारा गोवंश की हत्या कर मांस काटने मामले में सीआईए टू पुलिस टीम ने चौथे आरोपी को पत्थरगढ गांव से दिलशाद को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि इस मामले में थाना सनौली में केस दर्ज है।

### पुलिस टीम ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने इसराना कारद रोड स्थित परढ़ाना मोड़ पर मुकेश पुत्र चीचो मंडल निवासी अझोकपा पूर्णिया बिहार को 1 किलो 285 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इधर, सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि मुकेश के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### यज्ञ कर नए सत्र का शुभारंभ

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय में नव शिक्षा सत्र समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। उप प्राचार्य जगदीश आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, कोऑर्डिनेटर आशा अरोड़ा, सोनिका व अंकुर आर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पूर्व यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने पूर्ण आहुति दी। बच्चों को अनुशासन में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प भी दिलवाया गया।

---

श्रम सुधार व व्यापार को आसान करने के नाम पर लाया गया

# एआईयूटीयूसी ने प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया

- विभिन्न उद्योगों, संस्थाओं में कार्यरत अनेक मजदूर गोल्डन पार्क सामलखा में एकत्र हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

चार श्रम संहिताओं के खिलाफ देशभर में बुधवार को काला दिवस मनाने के आह्वान के तहत एआईयूटीयूसी से संबद्ध श्रमिकों ने समालखा में काला दिवस पर अपना विरोध प्रकट किया। विभिन्न उद्योगों, संस्थाओं में कार्यरत अनेक मजदूर गोल्डन पार्क सामलखा में एकत्र हुए। एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश सचिव का. हरिप्रकाश ने कहा कि 1 अप्रैल केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन हेतु केंद्रीय नियमों की अधिसूचना के लिए पहले से घोषित तिथि है। एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियन लगातार इन श्रमिक विरोधी व नियोक्ता समर्थक श्रम संहिताओं का पिछले लंबे समय से विरोध करती आ रही हैं। जिन्हें तथाकथित श्रम सुधार व व्यापार को आसान करने के नाम पर लाया गया है। गत 12 फरवरी की ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियंस के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है। इस अवसर पर हरिप्रकाश, राजबीर सिंह, सुरेश, संजीव कुमार, राममेहर सिंह, अलियास, बलवीर सिंह, जीत सिंह, दलबीर सिंह, हवा सिंह आदि मौजूद रहे।



पानीपत। एआईयूटीयूसी के पदाधिकारी श्रम कानूनों के प्रति प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---


पानीपत। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन मनोज बागड़ी का स्वागत करते हुए रमेश मलिक। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा के राज में दलितों की अनेदखी: बागड़ी

- सोनीपत में होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की

**पानीपत।** पानीपत कांग्रेस ग्रामीण के कार्यालय में हरियाणा कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन मनोज बागड़ी ने बैठक की और 12 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित होने जा रही रन फोर अंबेडकर मैराथन तथा 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोनीपत में होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। बैठक में कार्यक्रम के आयोजक के रूप में एससी विभाग के जिला अध्यक्ष पानीपत ग्रामीण सतपाल वाल्मीकि, शहरी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र भीवान की भूमिका तय की गई। इधर, बागडी ने आरोप लगाया कि भाजपा के राज में दलितों को उनके हकों से वंचित रखा जा रहा है। जबकि कांग्रेस ने अपनी सरकारों के दौरान दलितों का हर स्तर पद उत्थान किया। कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, कंवर सिंह छोकर, सुनीता नेहरा प्रभारी एससी सेल, सुरेंद्र उपली, मनोज वाल्मीकि, विजय कटारिया आदि लोग मौजूद रहे।

---

आर्य स्कूल में नव शिक्षा सत्र का हवन के साथ शुभारंभ

# शिक्षित होकर देश की सेवा करें विद्यार्थी: भारत


पानीतप। आर्य स्कूल में नव सत्र पर यज्ञ करते हुए भारत भूषण, शिक्षक आदि। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत वैदिक हवन के साथ की गई। हवन में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधक समिति के सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधान भारत भूषण, कोषाध्यक्ष वेदमित्र शास्त्री, सदस्य सुमित्रा अहलावत, रमेश कबाड़ी, रतन शर्मा तथा प्राचार्य मनीष घनघस सहित समस्त अध्यापक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने वैदिक रीति.रिवाजों के अनुसार हवन किया और नए सत्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। शिक्षित होकर देश की सेवा करें।

### आशा वर्कर्स का प्रदर्शन छह को

**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन की बैठक जिला प्रधान बंटी की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव सुशीला ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि छह अप्रैल को पूरे हरियाणा के अंदर भाजपा नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में सीमा शर्मा, कविता, कांता देवी, मंजू, सुनीता, अनिता, विमला आदि उपस्थित रहे।

### नए एडीसी ने कार्यभार संभाला

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2022 बैच के अधिकारी अंकित कुमार चौकसे ने बतौर अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में कार्यभार सम्भाला। कार्यभार संभालने के बाद अंकित कुमार चौकसे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपने प्रशासनिक सक्रियता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुशासन की आधारशिला बताते हुए जिले के विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### योग से शरीर होता है निरोग

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 18 के कम्युनिटी सेंटर में पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित नियमित योग कक्षा में पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर राममेहर कौशिक, सुनीता खुराना, जेपी गुलाटी, विकास कंसल, सिमरन, पूनम पालीवाल, संजीव चुघ, रेखा, मुकलेश, सविता, अनिता, सोनू पाल, अंशुल बजाज व सुषमा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस कप्तान ने सचिन को सम्मानित किया

***सचिन ने नहर में डूब रहे एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान बचाई थी***

**पानीपत।** अदम्य साहस का परिचय देते हुए दंपति व उनके तीन बच्चों की जान बचाने पर नारायणा गांव के सचिन को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सम्मानित किया। दिल्ली पैरलल नहर में नारायणा पूल के पास एक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी थी। कार में दंपति के साथ उनके तीन छोटे बच्चे भी सवार थे। पास से गुजर रहे सचिन ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अदम्य साहस का परिचय देते हुए नहर में डूब रही कार से दंपति और तीनों बच्चों को बाहर निकाल पांचों की जान बचाई थी। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने सचिन के इस साहसिक कार्य की खुले मन से सराहना करते हुए उसे प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी इसी प्रकार लोगों की सहायता के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया।


पानीपत। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, सचिन को सम्मानित करते हुए।

### युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए : एसपी

एसपी सिंह ने कहा कि युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए। युवाओं के आगे आने पर पुलिस किसी प्रकार के अपराध को नियंत्रित कर सकती है। स्मरणीय है कि गत बीस मार्च की रात करीब आठ बजे दिल्ली पैरलल नहर में नारायणा पूल के पास एक होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी थी। कार में दंपति के साथ उनका 2 साल का बेटा और 2 व 7 साल की बेटी भी सवार थी। इसी दौरान सचिन खेत में काम कर ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। उसने नहर पर जमा भीड़ को देख ट्रैक्टर रोककर देखा एक कार नहर में डूब रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सचिन ने अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में छलांग लगाई और कार का पिछला शीशा तोड़कर दंपति व उनके तीनों बच्चों को एक एक कर बाहर निकाल पूरे परिवार को सुरक्षित बचाया। घटना की सूचना मिलते ही उस समय के थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुलशन भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे उन्होंने क्रैन की मदद से नहर से गाड़ी को बाहर निकलवाया। इसके लिए सब इंस्पेक्टर गुलशन को भी सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि सौदापुर गांव के दीपक 20 मार्च की देर सायं अपनी ससुराल सोनीपत के शेखपुरा गांव से पत्नी व 2 साल के बेटे और 2 व 7 साल की बेटी के साथ बर्थ डे पार्टी से अपनी होंडा सिटी कार में सवार होकर घर लोट रहे थे।

---

# पानीपत रिफाइनरी में खतरे से निपटने के लिए माक ड्रील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए पानीपत नेफ्था क्रैकर में विभिन्न विभागों के द्वारा हाइड्रोकर्बोन रिसाव और आग के खतरे से निपटने की तैयारियों के सही आकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ड्रिल के परिदृश्य में सी4एच यूनिट के एचपी फ्लैश ड्रम 5302 आउटलेट लाइन से हाइड्रोकार्बन गैस के रिसाव एवं आग की स्थिति दर्शाई गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सुधांशु शेखर मुख्य महाप्रबंधक पीएनसीए ने एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख पीआरपीसी से चर्चा कर इस घटना को 2 आपदा घोषित कर दिया। डहरिया ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन किया और लगभग एक घंटे के अथक प्रयासों के बाद स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण प्राप्त कर सामान्य होने की घोषणा की। इस आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।


पानीपत। रिफाइनरी में किए गए माक ड्रील का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी तंत्र की जांच से त्रस्त हुए उद्यमी

- इंडस्ट्रियल एसोसिएशनों की बैठक हुई, विधायकों व मंत्रियों से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशनों की बैठक हुई। बैठक में पर्यावरण से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उद्योगों के सामने आ रही चुनौतियों जैसे प्रतिदिन हो रही चेकिंग, गैस की कमी, केमिकल के बढ़ते दाम तथा सीपीसीबी द्वारा बार बार की जा रही छापेमारी पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। उद्योग प्रतिनिधियों ने बताया कि बार-बार निरीक्षण और कार्रवाई से उद्योगों पर अनावश्यक दबाव बन रहा है। साथ ही केवल अधिकृत कंपनियों से ही उपकरण आदि खरीदने की अनिवार्यता भी उद्योगों के लिए आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण बन रही है। बैठक में प्रत्येक इंडस्ट्रियल जोन में कॉमन बॉयलर स्थापित किया जाए,लघु एवं अति लघु उद्योगों को कुछ मानकों में छूट दी जाए,पूरे देश में प्रदूषण के पैरामीटर एक समान किए जाएं,पर्यावरण मानकों को कम से कम अगले 5 वर्षों के लिए स्थिर रखा जाए की मांग सरकार से की गई। वहीं सभी एसोसिएशनों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि वे एक बार फिर सभी विधायकों एवं मंत्रियों से मिलकर अपनी समस्याओं को प्रस्तुत करेंगे और समाधान की दिशा में ठोस प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नितिन अरोड़ा प्रधान पानीपत डाइर्स एसोसिएशन, भीम राणा प्रधान हरियाणा एनवायरमेंटल मैनेजमेंट सोसायटी, विनोद धमीजा हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन विनोद खंडेलवाल, ललित गोयल एक्सपोर्ट एसोसिएशन, वीरभान सिंगला ओल्ड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, विनीत गुप्ता अलीपुर, विनीत शर्मा सेक्टर 29 पार्ट दो जनरल एसोसिएशन, पंकज बंसल प्रेसिडेंट मतलोडा जोन, कुराड एसोसिएशन भारत बांगा, राजीव अग्रवाल, पुनीत जैन अलीपुर एसोसिएशन, अजय मलिक, शिव मल्होत्रा, राम प्रताप, राजपाल सहरावत, अंकुर गुप्ता व नरेन्द्र नरूला आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। इंडस्ट्रियल एसोसिएशनों के पदाधिकारी बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# प्रशासन ने एलपीजी गैस के लिए कंट्रोल रूम बनाया

- उपभोक्ताओं की सुविधा सर्वोपरि, शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होगी : डॉ. वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में एलपीजी गैस सप्लाई को लेकर डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सख्त और स्पष्ट कहा है कि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा सहन नहीं करनी पड़ेगी। प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ गैस सप्लाई व्यवस्था की निगरानी कर रहा है और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीसी सिंह ने कहा कि एलपीजी गैस की सप्लाई और डिस्पैच प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम आम लोगों के लिए एक प्रभावी मंच साबित हो रहा है। पिछले दो दिनों में 26 उपभोक्ताओं ने कंट्रोल रूम के माध्यम से अपनी समस्याएं दर्ज करवाईं, जिनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया गया। उपायुक्त ने बताया कि बुधवार को भी 18 से अधिक नागरिकों ने एलपीजी से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं।

इनमें मुख्य रूप से गैस सिलेंडर की समय पर डिलीवरी न होना और डिलीवरी से संबंधित मैसेज न मिलने जैसी समस्याएं शामिल थीं। इन सभी शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया।

---

## एसीएस ने की जिला स्तर पर योजनाओं की मॉनिटरिंग, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों की कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई

# योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही राज्य की प्रगति का आधार: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जिला स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही राज्य की वास्तविक प्रगति का आधार है। वहीं, बैठक में एसीएस सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों से खुले तौर पर बातचीत करते हुए योजनाओं की जमीनी स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है जनहित से जुड़ी प्रत्येक योजना को धरातल पर उतारना और आम जनता तक उसका लाभ पहुंचाना है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसीएस ने कहा कि जिले में संचालित योजनाएं ही सरकार के विकास मॉडल की असली तस्वीर पेश करती हैं। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि हर योजना समय पर पूरी हो, उसकी गुणवत्ता उच्च स्तर की हो और उसका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे। हमें केवल लक्ष्य तय नहीं करने, बल्कि उन्हें हासिल भी करना है। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से 25 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा करने, कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखने, सतर्कता मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सेवा वितरण प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों की कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई।



पानीपत। जिला सचिवालय में बैठक करते हुए एसीएस अपूर्व सिंह, डीसी वीरेंद्र दहिया, एसपी भूपेंद्र सिंह आदि। फोटो : हरिभूमि

### अनाज मंडियों के निरीक्षण पर जोर दिया

अनाज मंडियों के निरीक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से मंडियों का दौरा करें, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें और यह सुनिश्चित करें कि फसल बेचने आए किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। किसानों की सुविधा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक सचिव और वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों से संवाद करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय बना रहे और स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा करने के भी निर्देश दिए। पुलिस विभाग द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से बातचीत की और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे कदमों की जानकारी ली।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

मदन लाल पुत्र श्री जोधाराम निवासी गांव उरलाना खुर्द, तहसील मडलौडा, जिला पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत वसीयतनामा पंजीकरण करने बारे नोटिस।

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री भोला प्रसाद शर्मा पुत्र श्री बेदनाथ शर्मा ने अन-रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 27-01-1993 को अपनी सम्पत्ति बाबत श्री मदन लाल पुत्र श्री जोधाराम निवासी गांव उरलानां खुर्द तहसील मडलौडा जिला पानीपत के हक में लिखवा रखी है जिसके मरने उपरान्त पंजीकृत करवाने के लिए उक्त अन-रजिस्टर्ड वसीका प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई। वसीयतकर्ता श्री भोला प्रसाद शर्मा पुत्र श्री बेदनाथ शर्मा की दिनांक 17-02-2006 को मृत्यु हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के पंजीकरण होने मे कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की ई-मेल आई0डी0 Tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत को नियमानुसार पंजीकृत कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1599 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सयुंक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

सरकार/ बनाम/ जनरल पब्लिक

वसीयत का इन्तकाल करने बारे नोटिस

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सन्तोष रानी पत्नी स्व0 श्री कवल नैन बतरा की दिनांक 07-05-2004 को मृत्यु हो चुकी है। जिन्होने एक वसीयत प्रलेख न0.454/3 दिनांक 16-02-2004 रजि0 सब-रजिस्ट्रार पानीपत अपने पुत्र श्री दीपक कुमार व संजय कुमार पुत्रगण कवल नैन बत्रा निवासी मकान न0.861 माडल टाउन पानीपत के हक में पंजीकृत करवाई थी। अब श्रीमति सन्तोष रानी पत्नी स्व0 श्री कवल नैन बतरा की मृत्यु उपरान्त वसीयत का इन्तकाल रकबा 540 वर्गगज तहसील व जिला पानीपत वसीयत की रूह से श्री दीपक कुमार व संजय कुमार के नाम दर्ज व मन्जुर किया जाना है प्रार्थी द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त प्रलेख आज तक कभी कैंसल नहीं हुआ है। इसलिये इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के इन्तकाल का फैसला होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत का इन्तकाल नियमानुसार कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30.3.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार -कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मीटिंग की तैयारियां पूरी

अंबाला। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 2 अप्रैल को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में आयोजित होगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि मीटिंग को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### बिजली उपभोक्ताओं की सुनी जाएंगी शिकायतें

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता विद्युत सदन अग्रसेन चौक में 2 अप्रैल 2026 को सुबह 11:00 से दोपहर 01:00 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी।

### स्टेडियम से ग्रिल चोरी के तीन आरोपी दबोचे

**जींद।** पुलिस ने एकलव्य स्टेडियम से ग्रिल चोरी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि एकलव्य स्टेडियम से 25 मार्च को लोहे की ग्रिल चोरी हो गई थी। इसकी शिकायत जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने पुलिस को दी थी।

## प्रधान सचिव ने आढ़तियों से की बातचीत

# किसानों व आढतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी

- मंडी कारोबारियों ने मंडी में सरसों खरीद केंद्र बनाने का भी किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** अनाजमंडी में खरीद कार्य को लेकर व्यवस्थाएं जांचते प्रधान सचिव विजय दहिया। फोटो : हरिभूमि

स्कूल शिक्षा के प्रधान सचिव विजय दहिया ने बुधवार को अंबाला शहर अनाज मंडी का जायजा लेते रबी सीजन के लिए की गई व्ययवस्थाओं की समीक्षा की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसडीएम दर्शन कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रधान सचिव ने मंडी सचिव कार्यालय में खरीद एजेंसी, आढतियों व अन्य के साथ बैठक करते हुए खरीद कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बैठक के दौरान जिले में सभी मंडियों के साथ यहां फसल खरीदने व उठान का लेकर विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रधान सचिव को बताया कि जिला में 15 मंडियां हैं। सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। आढतियों व अन्य के साथ बैठक लेकर विस्तार से मंडियों में किए जाने वाले कार्यो बारे चर्चा भी की जा चुकी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभी मंडी में गेहूं की आवक नहीं पहुंची है। मंडी में सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। किसानों व आढतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अबकी बार सभी मंडियों की जियो फेंसिंग की गई है। पंजीकृत किसानों द्वारा पोर्टल पर जो 3 नाम नोमिनी के तौर पर दिए गए हैं। उन्हीं के गेट पास कटेंगे। इसके साथ-साथ जो भी किसान मंडी में ट्रैक्टर ट्राली से फसल की आवक लेकर आएगा उसकी नंबर प्लेट पोर्टल पर अंकित की जाएगी। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह है कि वह अपने ट्रैक्टर ट्रॉली पर नंबर अंकित जरूर करवाएं। यदि नंबर अंकित नहीं है तो पेंट के माध्यम से या फिर प्लेन पेपर पर नंबर अंकित उस वाहन पर जरूर लगाएं ताकि मंडी में गेहूं खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। दहिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सभी मंडियों में गेहूं खरीद की आवक के साथ उठान की सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई है। मंडी में किसानों व आढतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसके साथ-साथ तिरपाल की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं की भी समीक्षा की गई हैं। मंडी में किसानों व श्रमिकों के लिए अटल श्रमिक कैंटीन की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने भी सभी किसानों से अपील की कि वह मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल अपनी फसल मंडी में लाने के लिए तीन नोमिनी का नाम अंकित करवाना सुनिश्चित करें ताकि मंडी में उन्हें फसल को बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए।

### सुचारू रूप से करवाया जाएगा खरीद का कार्य

*गेहूं खरीद के साथ-साथ उठान का कार्य भी बेहतर तरीके से होना चाहिए। मकसद रबी सीजन में किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रधान सचिव द्वारा मंडी की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव द्वारा जो दिशा-निर्देश दिए गए है उनकी अनुपालना करते हुए गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से करवाया जाएगा। किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार बाहरी क्षेत्र से फसल आने की शिकायत रहती है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा पंजीकृत किसानों द्वारा जो नामिनी के नाम दिए होंगे उनकी बायोमैट्रिक व फोटो लेते हुए व अन्य औपचारिकताएं पूरी करते हुए फसल खरीद का कार्य होगा। इस मौके पर जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जिले की 15 मंडियों के लिए 42 बायोमैट्रिक मशीनें भी क्रियान्वित रहेंगी। इनमें से अंबाला शहर अनाज मंडी में 5 बायोमैट्रिक मशीनें संचालित रहेंगी। किसानों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रधान सचिव ने बैठक के दौरान आढ़तियों से भी बातचीत की और उन द्वारा भी गेहूं खरीद कार्य के तहत कुछ सुझाव दिए। मंडी प्रधान व अन्य आढ़तियों ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं बेहतर है। मंडी में गेहूं खरीद का कार्य बेहतर तरीके से होगा इसके लिए जिला प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर सरसों खरीद के लिए अंबाला शहर अनाज मंडी में खरीद केंद्र बनाने बारे आग्रह किया। प्रधान सचिव ने इसको लेकर ठोस आश्वासन दिया है।*

### ये अधिकारी रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, डीएफएससी निशांत राठी, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद सिंह, उप चेयरमैन गुलशन कालड़ा, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन गोयल, आढ़ती गौरव गुप्ता, संजीव, उप निदेशक कृषि विभाग डॉ. जसविंदर सिंह, सचिव वलेल सिंह के साथ-साथ अधिकारी मौजूद रहे।



**शहजादपुर।** उपभोक्ताओं को गैस की उपलब्धता के लिए रसीद देते कर्मचारी।

# उपभोक्तओं को अब रोज उपलब्ध करवाया जा रहा है गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

एचएलआरडीसी गैस एजेंसी द्वारा कस्बे में ही अब लोगों को घरेलू गैस उपलब्ध करवाएगी। गत सप्ताह से यह काम भी शुरू हो गया है। एजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं को यह भी बताया जा रहा है कि जिस भी व्यक्ति की गैस कनेक्शन की कॉपी में जिस तिथि की एंट्री होगी और उसने सिलेंडर ले लिया है उस कनेक्शन पर 45 दिन के बाद दोबारा बुकिंग होगी। एजेंसी के मैनेजर कर्मवीर ने बताया कि क्षेत्र में रसोई गैस की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। एजेंसी को मांग के अनुसार समय पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति मिल रही है। आपूर्ति के अनुसार ही लोगों को रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सिलेंडर दिए जा रहे हैं। मैनेजर ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र में एजेंसी द्वारा सुचारू रूप से रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई दी जा रही है। पिछले कुछ दिनों में गैस की सप्लाई कम आने के कारण लोगों को असुविधा हुई थी। परंतु अब ऐसा कुछ नही है।

### हर दिन 56 सिलेंडर आ रहे

एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था की है ताकि उपभोक्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कई बार उपभोक्ता निर्धारित समय से पहले ही गैस सिलेंडर बुक कराने का प्रयास करते हैं, जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामान करना पड़ता है। सभी उपभोक्ताओं को कंपनी के नियमों का पालन करते 45 दिन पूरे होने के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करवानी चाहिए। कर्मवीर ने यह भी बताया कि एजेंसी का स्टाफ लगातार उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कार्य कर रहा है। गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि एजेंसी का उद्देश्य सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराना है। इसके लिए वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। यही कारण है कि मौके पर आकर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा रही है। कहा कि प्रतिदिन 56 सिलेंडर लेकर गाड़ी आ रही है। कहा कि 56 सिलेंडर वितरण के बाद जो लोग रह जाते हैं अगले दिन गाड़ी आने पर वितरित किए जा रहे है।

# भगवान राम के दर्शन कर धन्य हो गया जीवनः श्रद्धालु

- सीएम नायब सैनी के साथ प्रदेश सरकार का जताया आभार, कहा जीवन में पहली बार नि:शुल्क यात्रा की शानदार व्यवस्था जीवनभर रहेगी याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



**शहजादपुर।** यात्रा से लौटा श्रद्धालुओं का जत्था अनुभव साझा करते श्रद्धालु।। फोटो : हरिभूमि

अयोध्या धाम की पावन यात्रा पूरी कर विशेष ट्रेन लौटे श्रद्धालु बेहद खुश हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे यादगार और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने वाली रही। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए ज्यादातर श्रद्धालुओं ने कहा कि 'हरियाणा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' से जीवन का सपना साकार हो गया है। गौरतलब है कि 28 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

31 मार्च को यह विशेष ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर वापस अंबाला कैंट पहुंची। इस ट्रेन में जिला अंबाला, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, पानीपत और सोनीपत के श्रद्धालु गए थे। अयोध्या से लौटे गांव तसडोली के श्रद्धालु गुरनाम सिंह ने बताया कि उन्हें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, सरयू नदी स्नान, हनुमानगढ़ी, कनक भवन सहित अनेक धार्मिक स्थलों के दर्शन कर आध्यात्मिक शांति और आनंद की अनुभूति हुई।

उन्होंने कहा कि वर्षों से संजोया गया उनका सपना अब पूरा हुआ है। गांव मघरपुरा के बुजुर्ग श्रद्धालु मंगतराम ने कहा कि जब 28 मार्च को मुख्यमंत्री ने अंबाला छावनी से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई उसी समय हमें महसूस हो गया था कि हम एक ऐतिहासिक यात्रा पर जा रहे हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। सरकार ने यात्रा की इतनी बेहतरीन व्यवस्था की कि हमें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। मुफ्त यात्रा की सुविधा से हम जैसे बुजुर्गों का सपना साकार हो गया।

### प्रदेश सरकार ने बुजुर्गों का मान बढ़ाया

उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि इतनी आरामदायक और सुरक्षित यात्रा उन्हें मिलेगी। प्रदेश सरकार ने बुजुर्गों का मान बढ़ाया है। अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन कर आंखें नम हो गईं। यह यात्रा जीवन भर याद रहेगी। सरयू स्नान और राम मंदिर दर्शन उनके जीवन का सबसे पवित्र अनुभव रहा। गांव बीबीपुर के ही श्रद्धालु सुखपाल ने रामायण से जुड़े अनेक स्थलों के दर्शन कर गर्व और भावुक्ता व्यक्त की। जिन स्थलों के बारे में वर्षों से सुनते आए थे, उन्हें प्रत्यक्ष देखना अविस्मरणीय अनुभव रहा। रामायण में पढ़े स्थानों को सामने देखकर ऐसा लगा जैसे इतिहास जीवंत हो गया हो।

### पूरी दुनिया राम मंदिर को देख रही

*बुजुर्ग श्रद्धालु संत कुमार ने कहा कि पूरी दुनिया राम मंदिर को देख रही है। हमें गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक समय के साक्षी बने। जब मंदिर के दर्शन किए तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए। यह केवल मंदिर नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालु स्नेहलता ने बताया कि उनकी अयोध्या यात्रा आध्यात्मिक ऊर्जा और भावनाओं से भरपूर रही। राम मंदिर के दर्शन, सरयू स्नान और धार्मिक स्थलों के भ्रमण ने उनके मन को शांति और संतोष से भर दिया। अयोध्या पहुंचते ही मन में अलग ही शांति महसूस हुई। रामलला के दर्शन कर लगा कि जीवन सफल हो गया। उन्होंने कहा कि बेहतरीन व्यवस्थाओं ने यात्रा को आरामदायक और यादगार बना दिया।जिला के श्रद्धालू जमुना प्रसाद ने कहा कि पूरी यात्रा में हमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान श्रीराम का स्मरण किया। सरयू स्नान उनके लिए अत्यंत पवित्र और भावुक क्षण था। उन्होंने कहा कि सरयू स्नान के बाद जब राम मंदिर पहुंचे तो मन पूरी तरह भक्ति में डूब गया।*

# प्रिंसिपल अनुजा ने संभाला चार्ज, बोली-अनुशासन परिश्रम और नैतिक मूल्यों पर रहेगा विशेष जोर

- कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



**बराड़ा।** हवन यज्ञ में भाग लेते हुए प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को नई प्रिंसिपल अनुजा भारद्वाज के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा उनका फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की भूतपूर्व प्रिंसिपल सुनीता कपूर तथा वैदिक अनुसंधान, भंभौली (यमुनानगर) के प्रधान आचार्य गोपाल शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ से की गई, जिसका आयोजन पूर्व प्रिंसिपल सुनीता कपूर के निर्देशन में संपन्न हुआ। नई प्रिंसिपल अनुजा भारद्वाज द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई, जिसमें विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यज्ञ के समापन पर मंत्रोच्चारण के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। दोनों प्रिंसिपल एवं आचार्य गोपाल शर्मा ने सभी उपस्थित जनों को फूलों द्वारा आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं प्रदान कीं। इसके उपरांत आयोजित स्टाफ मीटिंग में प्रिंसिपल अनुजा भारद्वाज ने सभी को संबोधित करते हुए विश्वास दिलाया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय पूर्व की भांति उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करता रहेगा। उन्होंने टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ही उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं और सामूहिक प्रयासों से ही विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष जोर देते हुए सभी को प्रेरित किया। भारद्वाज के कुशल नेतृत्व एवं समृद्ध अनुभव से डीएवी पब्लिक स्कूल, बराड़ा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

## विपक्षी आंखे खोलें तो नजर आएगा उचाना का विकास : योगेश कसूहन

उचाना। भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि जो विपक्षी दलों के नेता कहते है कि सीएम की उचाना विकासी रैली में उचाना को कुछ नहीं मिला उन नेताओं को जिन विभागों में विकास कार्यों के लिए राशि मंजूर हुई है उनके पत्र भेजेंगे ताकि उन्हें पता लग सके कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना विकसित उचाना के पथ पर अग्रसर हो चुका है। विपक्ष के नेता अपनी बंद आंखे खोले तो उन्हें उचाना में हो रहा विकास नजर आएगा। अब दो विभागों के लिए 74 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर हो चुकी है। जन स्वास्थ्य विभाग के लिए 62 करोड़ जिनमें करसिंधु महाग्राम के लिए 50 करोड़, कसूहन के लिए 3 करोड़, उचाना शहर में सीवरेज पाइप लाइन के लिए 9 करोड़ की राशि है। ऐसे ही मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 12 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर हो चुकी है। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में नई बिल्डिंग बनेगी तो अनाज मंडी में करोड़ों फड़ सहित अन्य कामों पर खर्च होंगे। ऐसे ही कई गांव-गांव को जोड़ने वाले मार्गों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। कहा कि ये दो ही विभागों की राशि है अन्य विभागों के कामों को लेकर भी करोड़ों की राशि जल्द मंजूर होगी। जो वर्षों पुरानी उचाना के किसानों की ढाकल हैड से रजबाहा की मांग है उसको लेकर भी जल्द कमेटी बनेगी।

# डिप्टी स्पीकर ने किया रोटरी व्हील का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




**जींद।** उद्घाटन करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

स्थानीय रोटरी क्लब जींद मिडटाउन ने जींद-सफीदों मार्ग पर भगवान परशुराम चौक के साथ रोटरी व्हील का शुभारंभ उपाध्यक्ष हरियाणा विधानसभा डा. कृष्ण मिड्ढा, नगर पालिका अध्यक्ष अनुराधा सैनी व जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र दुहन, रोटेरियन आरएस सिंधवानी प्रोजेक्ट चेयरमैन व व रोटरीयन मायाराम देवली प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए संस्था सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय संगठन जो सर्विस अबोव सेल्फ के सिद्धांत पर कार्यरत है। रोटरी संस्था का उदय सन 1905 में हुआ था और जब से लेकर आजतक यह संस्था समाज सेवा के कार्य में कार्यरत है। इसी संस्था द्वारा ही पूरे विश्व में पोलियो बीमारी का खत्म करवाया गया है। उन्होंने आए हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया और और कहा कि आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए प्रेरणा एवं सम्मान का विषय रही। इस अवसर पर रिषिकेश चौधरी कार्यकारी अधिकारी म्युनिसिपल काउंसिल जींद, गोविंद सैनी व फाउंडर अविनाश चावला, एसके गर्ग, आरके जैन, राधेश्याम चिल्लाना, नरेश सिंगला, केके चहल, राजेश जैन, अशोक गुप्ता, प्रधान तरुण जैन व पूरा रोटरी परिवार उपस्थित रहा।

## जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की मिलेगी सौगातः बुआना



जींद। वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदीप बुआना ने कहा कि चार तथा पांच अप्रैल को सीएम नायब सैनी सफीदों और जींद में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिससे जिले में और तेजी से विकास कार्य होंगे। दोनों स्थानों पर सीएम की रैली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। सीएम की रैली जिले को नई दिशा देगी। कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। सीएम नायब सिंह सैनी की मुस्कान से भी विपक्षी नेताओं के पेट में दर्द होने लग जाता है। आज विपक्ष हाशिये पर जा चुका है। भाजपा सरकार में प्रदेश विकास में निरंतर आगे बढ़ रहा है। मेरिट के आधार पर नौकरी देकर भाजपा सरकार ने इतिहास पूरे देश में बनाने का काम किया है। पहले जो पर्ची व खर्ची पहले चलती थी, भाजपा सरकार बनते ही सबसे पहले खर्ची पर्ची सिस्टम को खत्म किया। योग्यता के आधार आज पढ़ाई करने वाले युवाओं को नौकरी मिल रही हैं। जींद में सड़कों का जाल बन गया है। अब न दिल्ली दूर और न ही चंडीगढ़। किसानों को फसलों पर एमएसपी का लाभ मिल रहा है। किसान, मजदूर ,कर्मचारी हर वर्ग भाजपा सरकार से खुश है।

# पुलिस अधिकारी ने कॉलेज छात्रों को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

## गर्वनमेंट पीजी कॉलेज में रोड सेफ्टी पर वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** वर्कशॉप में हिस्सा लेते छात्र। फोटो : हरिभूमि


अंबाला छावनी स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में रोड सेफ्टी समिति द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय रोड सेफ्टी अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था।कार्यशाला के मुख्य वक्ता एएसआई मान सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, ट्रैफिक संकेतों तथा सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। सड़क सुरक्षा संयोजक प्रो. अशोक काजल ने बताया कि इस कार्यशाला में कॉलेज के लगभग 108 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देस राज बाजवा के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अतुल यादव ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. गुरविंदर सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला में डॉ. नायब सिंह, डॉ. शगुन, डॉ. राजेश धनखड़, डॉ. रजनी, डॉ. आशीष जौली, डॉ. रविंदर कुमार, डॉ. धर्मवीर सिंह, प्रो. डिंपल, प्रो. सुरेश, डॉ. करमजीत कौर, प्रो. शक्ति एवं एकता सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण** अग्रवाल भवन में दो दिन चलेगी प्रशिक्षण कार्यशाला, 24 घंटे का रहेगा ठहराव

# प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक कौशल को मजबूत करना : अनिल विज

- प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में 4 से 6 अप्रैल तक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मंत्री अनिल विज के साथ मौजूद भाजपा पदाधिकारी।

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत अंबाला छावनी में मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में 4 से 6 अप्रैल तक किया जाएगा।

विज बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल प्रभारियों व मंडल प्रधानों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक कौशल को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर 4 से 6 अप्रैल तक सात सत्र आयोजित किए जाएंगे जिनमें अंबाला छावनी के सदर, महेशनगर, ग्रामीण और शास्त्री मंडल के पदाधिकारी शामिल होंगे। शिविर में हर मंडल से मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी के अलावा मंडल पदाधिकारी, मंडल कार्यकारिणी सदस्य, शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल में रहने वाले जिला, प्रदेश व केंद्र तथा मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल मोर्चा प्रधान और मंडल मोर्चा महामंत्री प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर सत्र में अलग-अलग वक्ता संबोधित करेंगे जोकि अन्य क्षेत्रों से यहां आएंगे। प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने वाले पदाधिकारी प्रशिक्षण शिविर स्थल पर 24 घंटे वहीं रहेंगे। रात्रि ठहराव भी करेंगे। शिविर में हिस्सा लेने वाले पदाधिकारियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। बैठक के दौरान प्रशिक्षण शिविर को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यवस्था प्रमुख भाजपा नेता व सदस्य प्रमोद कुमार लक्की को चुना गया। उन पर प्रशिक्षण शिविर के लिए व्यवस्था का प्रभार होगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा सदर मंडल प्रभारी राजीव , ग्रामीण मंडल प्रभारी किरण पाल चौहान, महेशनगर मंडल प्रभारी विजेंद्र चौहान, शास्त्री मंडल प्रभारी विपिन खन्ना के अलावा सदर मंडल प्रधान रवि बुद्धिराजा, शास्त्री मंडल प्रधान प्रवेश शर्मा व ग्रामीण मंडल प्रधान विकास बहगल मौजूद रहे।